# गोला-बारूद बनाने वालीं 25 इकाइयां आने के लिए तैयार

## डिफेंस कॉरिडोर-2 धनीपुर एयरपोर्ट के पास इकाई लगाने के लिए आए आवेदन

खास खबर

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिले के औद्योगिक विकास के लिए अच्छी खबर है। अलीगढ़ की धरती पर विकसित हो रहे डिफेंस कॉरिडोर पार्ट-2 में गोला-बारूद से जुड़े उत्पाद बनाने वालीं इकाइयां आने को तैयार हैं। धनीपुर एयरपोर्ट के पास विकसित की गई 40 प्लॉट की साइट पर अपनी इकाई लगाने के लिए अब तक 25 से अधिक उद्यमियों ने आवेदन किए हैं।

डिफेंस कॉरिडोर अंडला नोड के विस्तार के लिए जीटी रोड के सहारे गांव जसरथपुर व जुलूपुर सिहोर के पास 88 हेक्टेयर भूमि पर डिफेंस कॉरिडोर पार्ट-2 की साइट विकसित की गई है। इसका लेआउट बनाकर प्लॉट आवंटन के लिए जुलाई के अंत से आवेदन मांगा जाना शुरू हुआ था।

विभागीय जानकारी के अनुसार इस साइट पर अपने उद्यम लगाने के लिए अब तक दो दर्जन से अधिक उद्यमियों ने आवेदन किए हैं। अभी तक जितने आवेदन आए हैं, उनमें अधिकांश बड़े प्लॉट मांगे गए हैं।

### आंकड़ों में साइट

- 87.888 हेक्टेयर भूमि की गई अधिग्रहीत
- 9 हेक्टेयर भूमि पर बनाई जा रहीं सड़कें
- 18.8 हेक्टेयर में भूमि कॉमन ग्रीन एरिया
- 3.6 हेक्टेयर में सर्विस-कॉमन सुविधाएं
- 56.5 हेक्टेयर में 40 प्लॉट आवंटन होंगे

**ये हैं प्लॉट**

- 5-5 हेक्टेयर के 4, 2-2 हेक्टेयर के 9, 1-1 हेक्टेयर के 10 व 0.5-0.5 हेक्टेयर के 17 प्लॉट बनाए गए।

### ये होगी चयन प्रक्रिया

- अभी इस साइट पर 40 प्लॉट हैं इसलिए और आवेदनों का इंतजार किया जा रहा है। जब आवंटन की प्रक्रिया होगी तब यूपीडा, उद्योग विभाग से लेकर सेना तक के अधिकारियों की एक टीम हर पटल पर आवेदनों की स्क्रूटनी करेगी। आवेदनकर्ता यहां प्लॉट पाने के योग्य है या नहीं। ये सब देखा जाएगा। इसके बाद ही इन्हें वरीयता क्रम में प्लॉट आवंटित किए जाएंगे।

- **यातायात सुगम, इसलिए आसान रहेगा उद्यम :** डिफेंस कॉरिडोर पलवल रोड अंडला नोड आईओसीएल के बॉटलिंग प्लांट के पास है। इसलिए वहां बारूदी उत्पाद बनाने वाली यूनिट लगाने पर आईओसीएल ने पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद यह तय किया गया कि इस नोड का दूसरा पार्ट दूसरे स्थान पर विकसित किया जाए। अब यह साइट जहां विकसित की गई है, वह एयरपोर्ट के सहारे है। दिल्ली-कानपुर हाईवे पर है। दूसरा इससे कुछ दूरी पर दाऊद खां रेलवे स्टेशन का माल यार्ड विकसित हो रहा है। कुल मिलाकर यातायात से लेकर अन्य सभी सुविधाएं यहां मिल रही हैं।

अलीगढ़ डिफेंस कॉरिडोर विस्तार क्षेत्र के प्लॉट आवंटन के लिए उद्यमियों से आवेदन मांगे जा रहे हैं। अब तक काफी आवेदन हमें मिले हैं। अभी इनकी आवंटन प्रक्रिया में समय है। इसलिए कुछ दिन आवेदन आने का इंतजार किया जाएगा। इसके बाद आवंटन के लिए चयन प्रक्रिया शुरू होगी। - **कर्नल संजय सिंह, सीजीएम यूपी डिफेंस कॉरिडोर**